राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–80/2024

राजभवन में हिमाचल प्रदेश दिवस का आयोजन किया गया

पटना, 15 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के दरबार हॉल में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह राज्य देवभूमि के साथ–साथ वीरभूमि भी है। हिमाचल प्रदेश के ज्यादातर घरों से लोग सेना में सेवाएँ दे रहे हैं तथा अनेक लोगों को परमवीर चक्र एवं अन्य अलंकरणों से सम्मानित किया जा चुका है। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल के अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक खूबसूरत प्रदेश है तथा यहाँ के लोगों का व्यवहार सौम्य है।

राज्यपाल ने मार्क टेली की पुस्तक के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि लेखक भारतीयों के उदार व्यवहार से काफी प्रभावित हुए और हिमाचल प्रदेश में आकर हिमालय की विशालता को देखने के बाद उनका निष्कर्ष था कि भारत के लोगों की हृदय की विशालता का यही कारण है। हिमालय की गोद में बसा हिमाचल सांस्कृतिक रूप से भी काफी समृद्ध है।

राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में भी कई बदलाव देखने को मिल रहे हैं। वहाँ बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती की जाती है। उन्होंने कहा कि भारत का सबसे खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में है।

उन्होंने कहा कि बिहार काफी अच्छा है और यहाँ के लोग काफी सहृदय हैं। यहाँ आने पर ही इसकी अच्छाई का पता चलता है। हमारा दायित्व है कि हम बिहार की अच्छाई के बारे में लोगों को बताएँ और कुछ प्रदेशों में बने इस राज्य की नकारात्मक छवि को बदलने का प्रयास करें।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत काफी समृद्ध है। हिमाचल प्रदेश भी सांस्कृतिक रूप से काफी समृद्ध है। दोनों राज्यों में पर्यटन के विकास की काफी संभावनाएँ हैं। हिमाचल प्रदेश में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।

उन्होंने कहा कि देश के सभी राज्यों में अन्य राज्यों के लोग रहते हैं, परन्तु उनका आपसी नाता सिर्फ वहाँ रहने तक ही नहीं है, बल्कि वे वहीं का होकर रहते हैं और वहाँ के विकास में उनका योगदान होता है। राज्यपाल ने कहा कि हमसब एक हैं और भारतमाता की संतान हैं। भारत की एकता ही इसे श्रेष्ठता की ओर ले जाती है।

आगे पृष्ठ...2 पर

राज्यपाल ने इस अवसर पर भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ल के वीडियो संदेश का प्रसारण भी किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार में रह रहे हिमाचल प्रदेश के महानुभावगण, बिहार में रहकर पढ़ाई करनेवाले वहाँ के छात्र–छात्राएँ, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण, कर्मीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....